Seventeenth Loksabha

le: Regarding attack on Smt. Ranjita Koli, M.P., Lok Sabha.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): धन्यवाद सभापति महोदय । मैं आज आपके बीच लोक सभा में बैठने वाली मेरी साथी संसद सदस्य रंजीता कोली जी के बारे में बोलना चाहती हूं । एक महिला सांसद होने के नाते मुझे भी आपको जरूर बताना चाहिए कि कल राजस्थान के भरतपुर में एक घटना घटी, हमारी बहन के ऊपर हमला हुआ है । जो गलत काम कर रहे है, उन लोगों को सजा नहीं दी जा रही है । बहन के ऊपर यह चौथी बार हमला किया गया है ।

सभापति महोदय, मैं आपसे मांग करती हूं कि वहां पर कांग्रेस की जो सरकार है, वहां के जो सीएम हैं, हमने कायदा बनाया है कि जो बेटियां हैं, उनके ऊपर बलात्कार होगा तो उनको फांसी की सजा होगी, लेकिन राजस्थान के सीएम ने, बेटी के बलात्कारी को फांसी नहीं मिलेगी, ऐसा उन्होंने अपना खुद का कानून बनाया है ।

सभापति महोदय, हम आपसे मांग करते हैं कि कल हमारी बहन के ऊपर जो हमला हुआ है, उन हमला करने वालों को सजा होनी चाहिए । जो गलत काम कर रहे थे, उनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें सजा मिलनी चाहिए । ऐसी हम सभी महिला सांसद आपसे मांग कर रहे हैं । धन्यवाद । … (व्यवधान)

माननीय सभापति: हम सभी को संबद्ध कर देते हैं ।